## प्रेस नोट दि0-07.07.2025

**थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़**

चोरी की घटना का खुलासा- थाना कोतवाली नगर पुलिस को बड़ी सफलता, 01 अपराधी गिरफ्तार, 01 अदद मोटर साइकिल बरामद

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देश पर थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चोरी की घटना के अभियोग से सम्बन्धित वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अभियुक्त को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत रेलवे अंडरपास के बगल के पास से गिरफ्तार किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-
वादी दिनाँक 04/07/2025 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत कैनरा बैंक के सामने से वादी की मोटरसाइकिल चोरी करने के प्रकरण में वादी की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 301/2025 धारा 303 (2) बीएनएस बनाम अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्री शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिवनारायण वैस के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक श्री नीरज कुमार यादव के नेतृत्व में उ0नि0 अनूप कुमार यादव मय हमराह का0 मनोज कुमार, का० सचिन कुमार, का0 अमित शुक्ला द्वारा देखभाल क्षेत्र/ संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग, विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत मु0अ0स0 301/2025 धारा 303 (2)/317(2)/319(2)/318(4)/338/336(3)/340 (2) बीएनएस से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त इरफान पुत्र कल्लू उर्फ बशीर निवासी ग्राम देल्हूपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र कोतवाली नगर के रेलवे अंडरपास के बगल के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल बरामद किया गया । उक्त बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा ( 2 ) / 317(2)/319 (2)/318(4)/338/336 (3) /340(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

पूछताछ का विवरण-
अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि मैंने यह मोटरसाइकिल को 4 जुलाई को प्रतापगढ़ में बैंक के सामने से चुराया था। जिसे लेकर के मैं आज बेचने के लिए आया था। तभी आप लोगों ने पकड़ लिया। मैं गाड़ी के नंबर प्लेट से नंबर मिटा दिया था और चेचिस नंबर को क्षतिग्रस्त कर दिया था ताकि कोई गाड़ी की पहचान ना कर सके और आसानी से गाड़ी को बेच सकूं।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01. इरफान पुत्र कल्लू उर्फ बशीर निवासी ग्राम देल्हूपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी-
चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद।

पुलिस टीम-
उ0नि0 अनूप कुमार यादव मय हमराह का0 मनोज कुमार, का० सचिन कुमार, का0 अमित शुक्ला थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।

**जनपद प्रतापगढ़ पुलिस**

आज दिनाँक 07.07.2025 को गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी में प्रतापगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता-

कुल 103 मोबाइल फोन उनके rightful मालिकों को लौटाए गए

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे "CEIR पोर्टल पर मोबाइल बरामदगी अभियान" के अंतर्गत जनपद की विभिन्न थानों द्वारा गुमशुदा मोबाइलों की ट्रैकिंग कर विभिन्न प्रांतो (झारखण्ड, बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली) से कुल 103 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 20,00,000/-लाख रुपये है।

पुलिस लाइन प्रतापगढ़ में स्थित सँई कॉम्पलेक्स में एक आयोजन के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा इन सभी मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपा गया। मोबाइल प्राप्त करने वालों के चेहरे पर खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से झलक रहा था।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने बताया कि सर्विलांस सेल और थाना प्रभारियों की मेहनत एवं तकनीकी दक्षता के चलते यह सफलता प्राप्त हुई है। इस प्रकार की कार्यवाही न केवल आमजनमानस में विश्वास बढ़ाती है, बल्कि तकनीकी संसाधनों के उपयोग से अपराध नियंत्रण की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम है।

जनपद प्रतापगढ़ पुलिस का यह प्रयास आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा, जिससे नागरिकों की गुम हुई सम्पत्ति उन्हें समयबद्ध रूप से वापस मिल सके।